तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार, 1 अप्रैल 2024

11 पीएम मोदी ने मुझे प्रतिनिधि बनाकर आपके बीच भेजा...



12 धीवर समाज ने मुझे नेता नहीं बल्कि बेटा माना : रोहित





क्षेत्र का पहला व एक मात्र सर्व सुविधा युक्त
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
रात में भी सोनोग्राफी और सी टी स्कैन
सर्वश्रेष्ठ आई सी यू एवम् विशेषज्ञ
डायलिसिस सेंटर
हृदय उपचार (इकोकार्डियोग्राफी)

डॉ. श्वेता पांडेय
एम् बी बी एस, डी एन बी जनरल मेडिसिन, फेलोशिप इकोकार्डिओग्राफी
डॉ. भावेश पटेल
एम् बी बी एस, एम एस, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुष शर्मा
एम् बी बी एस, डी एन बी रेडियोलोजी



Sanjeevani
Multispeciality Hospital
अधिक जानकारी के लिए अभी संपर्क करें:
+91 80859 00763, +9 93408 01080
महिंद्रा ट्रेक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम, रायपुर (छ.ग.)
सदैव आपके लिए, आपके साथ

## लापरवाही : पुल के निर्माण से 20 हजार ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

# कछुआ चाल के चलते पांच साल में भी पूर्ण नहीं हो पाया सेंदमुडा तेलनदी पर पुल निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

केंद्र सरकार द्वारा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामों को बड़े शहरों व नगर से जोड़ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लाखों करोड़ों रूपये की राशि जारी किया जा रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण किये जा रहे सड़क, पुल पुलिया निर्माण कार्य को जमीनी स्तर पर देखने वाले जिम्मेदार अधिकारियों एवं अफसरों की कमी के चलते इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। गरियाबंद जिले के संेदमुडा तेलनदी में पिछले 05 वर्षों से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 10 करोड रूपये की लागत से विशाल पुल का निर्माण किया जा रहा है लेकिन पुल निर्माण कार्य इतना धीमा चल रहा है कि अब तक निर्माण कार्य महज 60 प्रतिशत ही हो पाया है यह पुल निर्माण कार्य कब पुरा होगा बताने वाला कोई नहीं है, मिली जानकारी के अनुसार देवभोग से 05 किलोमीटर दुर सेन्दमुडा तेल नदी में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत पुल निर्माण के लिए वर्ष 2017 में करोड़ों रूपये स्वीकृत किये गये लेकिन निर्माण कार्य वर्ष 2019 से प्रारंभ किया गया पिछले पांच वर्षों से पुल निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है, जिसके कारण अब तक पुल निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। जबकि इस पुल निर्माण से ग्राम संेदमुडा, परेवापाली, निष्ठीगुडा, खम्हारगुडा, सौगानबाडी, सुपेबेडा, खोसरा, ठिरलीगुडा, मोटरापारा, दहीगांव सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामों के 20 हजार ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

खास खबर

### निर्माण कार्य बेहद धीमा

बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत चल रहे कार्यों का कोई मानीटिरिंग नहीं हो रहा है, यह पुल निर्माण कार्य तीन वर्श पहले पुरा हो जाना था लेकिन संबधित विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार के मिलीभगत के कारण पुल निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है।



### मामले को विधानसभा में उठाऊंगा

बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि तेल नदी सेंदमुडा पुल निर्माण कार्य का मैं स्वंय दो बार निरीक्षण कर चुका हूं। मौके पर न तो संबधित विभाग के अफसर दिखाई देते हैं और न ही ठेकेदार जिसके कारण पुल निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। इस मामले को विधानसभा में उठाऊंगा।

### ग्रामीणों के संघर्ष के बाद पुल की मिली स्वीकृति

क्षेत्र के ग्रामीण प्रेम नागेश, शिवशंकर, खगेश्वर नायक, योगेन्द्र सोनवानी, अशोक नेताम, कीर्तन, शोभाराम, धर्मिका नेताम, मोहन प्रधान एंव क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्रवासियों के लंबे संघर्ष के बाद 2017–18 में डॉक्टर रमन सिंह सरकार के द्वौरान सेंदमुडा तेल नदी में पुल निर्माण के लिए करोड़ों रूपये स्वीकृत हुआ था तब एक वर्ष के भीतर पुल निर्माण करने का वायदा तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा किया था लेकिन पुल निर्माण कार्य को शुरू होने में दो वर्ष लग गये और अब पांच वर्षों बाद भी पुल का निर्माण कार्य पुरा नहीं हुआ है, बारिश के दिनों में यह क्षेत्र टापू में तब्दील हो जाता है और यहां के लोगों को मूलभूत सुविधा नहीं मिलती स्कूली छात्र- छात्राओं को जान जोखिम में डालकर आना -जाना करना पडता है।

### जून तक पूरा करने का लक्ष्य

प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना गरियाबंद के कार्यपालन अभियंता आर बी सोनी ने हरिभूमि को बताया कि पुल निर्माण कार्य चार वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ है पहले पुल निर्माण के लिए 06 करोड 19 लाख रूपये स्वीकृत हुआ था बाद में रिवाईश 10 करोड रूपये स्वीकृत हुआ है, 70 प्रतिशत पुल का कार्य पूर्ण हो चुका है जून तक पुल निर्माण कार्य पुरा करने का लक्ष्य है।

साथ ही यह सड़क ओडिशा राज्य को सीधा जोड़ता है यहां से महज 06 किलोमीटर की दूरी पर ओडिसा के बेहतर सडक दिखाई देता है और प्रतिदिन इस मार्ग से हजारों ग्रामीणों और वाहनों का आना जाना लगा रहता है।

दूरस्थ ग्रामीण ईलाको में संबधित विभाग के स्थानीय अधिकारी एवं ठेकेदारों द्वारा मिलीभगत कर निर्माण कार्यों को मनमाने तरीके से किया जा रहा है जिसके कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है और तो और स्तरहीन निर्माण कार्य के चलते सड़क निर्माण के कुछ वर्षों के भीतर ही सड़क जगह -जगह से उखडकर जर्जर हो जा रहा है। शिकायत के बावजूद न तो इस मामले में जांच होती है और न ही कार्यवाही जिसके कारण संबधित निर्माण एजेंसी और ठेकेदार शासन प्रशासन के नियमों को ठेंगा दिखाते हुए कार्य करते रहते हैं। गरियाबंद जिले में भी लगातार शिकायत के बावजूद ऐसे मामलों में कार्यवाही नहीं होने से संबधित ठेकेदार के हौसले बुंलद होते जा रहे है और निर्माण कार्य में भर्राशाही जारी है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### 90 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**पांडुका।** ग्राम बरेठीनफौना जाने का कच्चा मार्ग एन एच 130 (सी) के पास सार्वजनिक जगह पर मुखबीर की सूचना पर शराब रेड की कार्यवाही की गई है। जिसमें बालमुकुन्द नाग उम्र 30 वर्ष ग्राम पोड़ के कब्जे से 9 सफेद मटमैला रंग के 10-10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरा 90 लीटर देशी हाथ भट्ठी से बना हुआ महुआ शराब जिसकी कीमत 18000 रूपये एवं एक पुरानी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 4 एच क्यू. 2746 कीमती 20000 रूपये कुल 38 हजार रूपये को जप्त किया गया है। मौके पर पंचनामा तैयार कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा दिया गया है।

### सटोरिया को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

**अभनपुर।** अभनपुर थाना में नवपदस्थ प्रशिक्षु आईपीएस विमल पाठक के नेतृत्व में आईपीएल सट्टा खिलाते एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास फोन व एलईडी टीवी जप्त कर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी सुनील कुमार यादव पिता शिव कुमार यादव उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 बड़े द्वारा आईपीएल सट्टा खिलाने की जानकारी पुलिस को मिली जिस पर आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया व उसके कब्जे से एक नग मोबाईल फोन व एलईडी टीवी जप्त कर कार्यवाही की गई। श्री पाठक ने बताया कि अब तक सट्टा खिलाने वाले 3 लोगों पर कार्यवाही की जा चुकी है इसमें संलिप्त लोगों की जाँच जारी है जैसे-जैसे नाम सामने आयेगा उन पर कार्यवाही जारी रहेगी।

### चाकू लहराकर डराने वाला नाबालिग गिरफ्तार

**महासमुंद।** सरायपाली थाना पुलिस ने चाकू लहराकर लोगों को डराने वाले नाबालिग लड़के को पकड़ा है। पुलिस ने आत्मानंद हाई स्कूल के पास संजय नगर से मुकेश उर्फ मुन्ना यादव बलराम यादव (16 साल 06 माह) को लोहे का धारदार चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डराने पर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** तुमगांव रोड नहर के पास ग्राम परसदा के पास महासमुंद पुलिस ने एक युवक के पास से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी भोजराम भोई पिता मदनलाल भोई (32) निवासी वार्ड नं 2 इमलीभाठा दशहरा मैदान महासमुंद के कब्जे से 6300 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 2800 रुपए जब्त किया है।

### युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** कोमाखान थाना अंतर्गत चौखड़ी के पास एक शख्स ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलस ने बताया कि धीरेंद्र कुमार ध्रुव पिता स्व. बिसौहा राम (46) बेलर थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद ने घटनास्थल पर अज्ञात कारण से फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई।



### अवैध शराब का परिवहन करते 2 आरोपी गिरफ्तार

**मैनपुर।** गरियाबंद पुलिस के द्वारा नशे के विरुद्ध पुलिस की एक विशेष अभियान नया सवेरा योजनान्तर्गत अवैध शराब बेचने पिलाने व अन्य नशीली पदार्थों पर कार्यवाही किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के दिशा–निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं एसडीओपी बाजीलाल सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना शोभा के द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने रखकर परिवहन के करते पाये जाने थाना शोभा एवं अन्य स्टाफ को हमराह लेकर घर पकड़ की कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से शराब बिकी एवं परिवहन करने वाले रामदेव गोंड़ उम्र 30 वर्ष, आनंद गोंड़ उम्र 19 वर्ष निवासी कोकामटा उडीशा के खिलाफ 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। एक आरोपी से 20 लीटर क्षमता वाली एक सफदे रंग की प्लास्टिक जरकीन में कुल 20 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 3000 रूपया। दूसरा से 10 लीटर क्षमता वाली सफेद रंग की प्लास्टिक जरकीन में 10-10 लीटर कुल 20 लीटर कीमती 3,000 रूपयें कुल जुमला 40 लीटर कच्ची महुआ शराब पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी हिमांचल ध्रुव के नेतृत्व में मनीष वर्मा, हेमंत यादव, आरक्षक राहुल तिवारी, देवेन्द्र सोनवानी, सतीश गिरी, दयानंद गौर, रेखराम नेताम, मिथलेश नागेश, राजेश्वर महावीर, सोमनाथ दिवान, 2021 डीएसएफ आरक्षक माखन सोनवानी की सराहनीय भूमिका रही।

## छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए अतरमरा के दो विद्यार्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ के द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2023 - 24 का आयोजन किया गया था।जिसमें संकुल केंद्र अतरमरा जिला गरियाबंद के अंतर्गत माध्यमिक शाला अतरमरा से भोजराज सेन और कु वर्षा ध्रुव दो विद्यार्थियों का चयन हुआ है। प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन होने पर संकुल प्रभारी प्राचार्य बी देवांगन संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा शाला के प्रधान पाठक खेमलाल यादव ने दोनों बच्चों को सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें प्रेषित किया। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष राज्य शैक्षिक अनुसंधान और



प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रति वर्ष प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित करता है। जिसमें पूरा राज्य के सभी जिलों से विद्यार्थी भाग लेते हैं। परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाले विद्यार्थियों का अलग-अलग जिलेवार तथा वर्ग वार चयन ▶▶| शेष पेज 10 पर

## गर्मी की दस्तक के साथ क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौनी शुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ सूख रही फसल, स्कूल कॉलेज में परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी परेशान

गर्मी के दस्तक के साथ ही आदिवासी मैनपुर क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली शुरू हो गई है, लगातार दिन और रात में दर्जनों बार बिजली बंद हो रही है, साथ ही लो वोल्टेज की समस्या से लोग जुझ रहे है, जिसके कारण खेतो में रबि फसल ले रहे किसान बेहद परेशान है धान और मक्का की फसल सुख रही है किसान थानूराम पटेल, त्रिभुवन पटेल, शेख फखरूद्दीन एंव कन्हैया पटेल ने बताया कि लगातार बिजली की आंख मिचौली और लो वोल्टेज के कारण खेतो में मोटर पम्प नहीं चल पा रहा है जिसके कारण धान और मक्का की फसल सुख रही है। किसानों ने बताया कि दिन में कई बार छुईहा ट्रासंफार्मर का फ्युज ▶▶| शेष पेज 10 पर

## कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यों का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ रावनभाठा स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्यों का लिया जायजा

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अंतर्गत पूर्ण-अपूर्ण, प्रगतिरत, निर्माण कार्यो का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल लाईन स्थित उद्यान विकास कार्य, सांई उद्यान में पुष्पवाटिका निर्माण कार्य अंतर्गत लेंड स्केपिंग, प्ले एरिया विकास कार्य, सोलर लाइट, शौचालय, जल प्रदाय व्यवस्था, बाउंड्रीवाल एवं गेट निर्माण, गजिबों निर्माण, इंडोर स्टेडियम का समतलीकरण एवं हाई लाइट मास्क लगाने, महरीन डबरी, छिंद तालाब, नया तालाब एवं रावनभाठा स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण के कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी स्थलों का साफ-सफाई नियमित रूप से कराएं। सिविल लाईन स्थित गार्डन में अनावश्यक पड़े मलबा को हटाये तथा गार्डन के भीतर चारों ओर अच्छे से गार्डनिंग करें एवं मैदान पर हरे घास लगाएं। सांई उद्यान में स्वीकृत ▶▶| शेष पेज 10 पर

## करकरा में राम कथा सुनने पहुंच रहे ग्रामवासी

# राम नाम की गंगा में ग्रामीणों ने लगाई डुबकी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम करकरा में कोसरिया मरार पटेल समाज एवं समस्त ग्रामवासियों की सहयोग से त्रिदिवसीय संगीतमय मानसगान व्याख्यान सम्मेलन 28 मार्च से 31 मार्च तक आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ कलश यात्रा निकाल कर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता राजेन्द्र नायक भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रदेश संयोजक मरार पटेल समाज, विशेष अतिथि चन्द्रशेखर साहू, तेजराम पटेल थे।

ग्राम पटेल की उपस्थिति में शुभारंभ कर त्रिदिवसीय संगीतमय मानसगान का शुभारंभ किया और ख्याति प्राप्त मानस परिवार की प्रस्तुति तीन दिनों तक राम नाम गुणगान बह रही जहां पुरे गांव के ग्रामीण राममय होकर झुम रहें हैं। जिसमें मंचस्त मानस परिवार द्वारा भागवान राम द्वारा माता सबरी को नवधा भक्ति के ज्ञान के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। साथ ही साथ स्वर्ग की समस्त सुख से बड़कर, सत्संग की सुख को तरह बताया गया। जहां ग्रामीण राम कथा श्रवण कर नाचते-गाते राम नाम से ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### डस्टबिन नहीं रखने पर वसूला जुर्माना

रायपुर। दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने और ठेले-गुमटियों का कचरा सड़क पर फैलाने वालों से निगम अमले ने जुर्माना वसूला। शनिवार को जोन-8 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गणपत चौक हीरापुर और टाटीबंध के बाजार क्षेत्र में 11 ठेला-गुमटियों में कचरा फैलाने, डस्टबिन नहीं रखने पर 2300 रुपए जुर्माना वसूला। बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों को डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने और स्वच्छता बनाए रखकर दुकान का सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखकर सफाई मित्र को देने की समझाइश दी गई।

### उत्कल सांस्कृतिक परिषद के कार्यक्रम में शामिल होंगे राज्यपाल और सीएम

रायपुर। उत्कल सांस्कृतिक परिषद द्वारा 1 अप्रैल को ओडिशा राज्य का 89वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा।



यह कार्यक्रम शासकीय स्कूल छोटापारा में होगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक दलों द्वारा उड़िया गीत, भजन, ओडिसी नृत्य, संबलपुरी नृत्य सहित कई प्रकार के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। यह कार्यक्रम विधायक पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में होगा। विधायक श्री मिश्रा द्वारा गठित सर्व ओडिसा समाज एवं उत्कल सांस्कृतिक परिषद के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन मुख्य अतिथि होंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश के रायपुर, रायगढ़, जगदलपुर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सारंगढ़, सरायपाली, बसना, पिथौरा, खल्लारी, महासमुंद, गरियाबंद, भिलाई, दुर्ग के अलावा जशपुर, कुनकुरी, लैलूंगा, तानाखार, पुसौर, सरिया, बरमकेला, सरगुजा, बिलासपुर में बड़ी संख्या में उड़िया समाजजन निवासरत हैं।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया रंगपंचमी महोत्सव



रायपुर। सर्व ब्राह्मण समाज महादेवघाट तथा अम्लेश्वर परिक्षेत्र द्वारा रंगपंचमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम अम्लेश्वर स्थित इस्कॉन सभागार में शनिवार को किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने भगवान परशुराम की तस्वीर की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मोहित शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा ग्रुप के फाग एवं भजन माला, ढोल, तबला व नगाड़ा के साथ खूब धूम मचाई। साथ ही पर्ची में लिखे अनुसार गीत, गजल, संस्मरण, कविता, जोक्स की प्रस्तुति ने खूब हास्य परिहास का वातावरण निर्मित किया। कार्यक्रम में रत्ना शर्मा, गोपाल शर्मा, गणेश शर्मा, सुनील शर्मा, शिखा शर्मा, वीणा तिवारी, अंजनी तिवारी, नीतू शर्मा, कविता शर्मा, रश्मि दीवान, सोनिया शर्मा, शिवम शर्मा, रंजना तिवारी, रीता तिवारी, ममता पांडे, पुष्पा पांडे, ज्योति शर्मा, शशि पांडे, वैजयंती तिवारी सहित पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी नाग की निर्वाचन आयोग में की शिकायत

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग पर तंत्र-मंत्र और नीबू काटकर गांव की जनसमस्याओं को अंधविश्वास के माध्यम से दूर करने मतदाताओं को प्रलोभन देने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने इसे लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग की ओर से बालोद जिले के डौंडीलोहारा क्षेत्र में चुनावी सभा के दौरान अपने लोकसभा क्षेत्र में तंत्र-मंत्र और नीबू काटकर गांव की जनसमस्याओं को दूर करने का प्रलोभन मतदाताओं को दिया जा रहा है।

# सोने ने पकड़ी ऐसी रफ्तार, एक माह में पांच हजार और डेढ़ साल में 20 हजार बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सोने की कीमत ने ऐसी रफ्तार पकड़ी है कि सराफा कारोबारी भी हैरान हैं। पहली बार महज डेढ़ साल में ही कीमत 20 हजार रुपए बढ़ गई है। इसमें मार्च का माह ऐसा है जिसमें कीमत करीब पांच हजार बढ़ी है। पहले कभी एक माह में इतनी कीमत नहीं बढ़ी। इसके पहले की बात करें, तो 20 हजार रुपए कीमत बढ़ने में चार साल लग गए थे। कुल मिलाकर साढ़े पांच साल में कीमत 40 हजार रुपए बढ़ी है। जो सोना जनवरी 2018 में 30200 रुपए था, वह इस समय 70400 रुपए हो गया है। इतनी तेजी से पहले कभी कीमत नहीं बढ़ी है। सोने की कीमत के तेवर देखकर निवेश करने वाले इसमें ज्यादा निवेश कर रहे हैं। वैसे भी सोना निवेशकों की पहली पसंद है, क्योंकि वह बाकी निवेश के मुकाबले ज्यादा रिटर्न भी देने का काम करता है। देश के साथ प्रदेशभर में निवेश की बात करें, तो निवेश के लिए ज्यादातर लोग सोने को ही ज्यादा बेहतर मानते हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि सोने की कीमत पिछले कुछ सालों से लगातार आसमान पर जा रही है। ऐसा बहुत कम होता है कि कीमत में कमी आती है। ताजा उदाहरण ही ले लें। सोना पहली बार बीते साल मई में रिकॉर्ड 63 हजार के करीब पहुंच गया था। इसके बाद इसकी कीमत ने दीपावली से पहले 63 हजार को पार करके 63700 तक का सफर तय किया। इसके बाद कीमत कुछ कम हुई, लेकिन फिर कीमत से ऐसी रफ्तार पकड़ी कि अब तो कीमत आसमान पर चली गई है।

### डेढ़ साल में 20 हजार बढ़े दाम

2022 में धनतेरस और पुष्य नक्षत्र और दीपावली के समय राजधानी रायपुर में सोने की कीमत 50200 रुपए थी, जो इस समय 70400 हो गई है। यानी कीमत में 20200 रुपए का इजाफा हुआ। इसके पहले कभी कीमत इतनी नहीं बढ़ी। इसके पहले 20 हजार तक कीमत बढ़ने की बात करें, तो कीमत को 20 हजार बढ़ने में चार साल का समय लग गया था। 2018 में कीमत 30200 रुपए थी। यह कीमत 2022 में जाकर 50 हजार के पार हुई। इस साल ज्यादातर समय सोने की कीमत 50 हजार के आसपास ही रही।

### साढ़े पांच साल में कीमत 30200 से हो गई 70400



### ब्याज घटाने के ऐलान का असर

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक सोने का भाव अंतरराष्ट्रीय बाजार में सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है। भाव बढ़ने का मुख्य कारण अमेरिका की आर्थिक स्थिति का मजबूत होना और महंगाई कम होकर नियंत्रण में होना है। अमेरिकी फेडरल बैंक द्वारा आने वाली तिमाही में ब्याज दर कम करने का ऐलान किया गया है। इस ऐलान के बाद निवेशकों ने अपना सारा पैसा सोने की खरीदी में लगा दिया है। ब्याज कम होने पर बाजार पर और असर होगा।

### एक माह में बढ़ी पांच हजार कीमत

देश में सोना पहली बार बीते साल 60 हजारी हुआ और इसके बाद सोना 63 हजारी की राह पर चला और अंत में धनतेरस के समय यह 63 हजार के भी पार हो गया। बीते साल के अंत में सोना 65 हजार रहा। नए साल में भी सोने की कीमत 65 हजार के पार रही। लेकिन फरवरी में कीमत कुछ कम हो गई। एक मार्च को कीमत 64650 रुपए थी। लेकिन इसके बाद कीमत ने ऐसी रफ्तार पकड़ी कि एक माह में ही कीमत पांच हजार रुपए बढ़ गई।

## प्रतियोगिता : विधायक ध्रुव कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने मैनपुरकला पहुंचे

# कबड्डी हमें अनुशासित रहने के साथ आपसी समरसता बनाएं रखने की देता है सीख : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 02 किलोमीटर दूर मैनपुरकला में राज्य स्तरीय दो दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, इस प्रतियोगिता के दुसरे दिन बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक धुरव पहुचे तो खिलाडियों और ग्रामवासियों ने उनका आत्मीयता के साथ स्वागत किया इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारणी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेदुं यादव, ब्लॉक कांग्रेस सचिव नेयाल नेताम, सरपंच कमला बाई नागेश, अमरसिंह नागेश, सुन्दर कश्यप विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे खिलाडियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय जाना और सभी खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि कबड्डी हमें अनुशासित रहने के साथ आपसी समरसता बनाए रखने की सीख देता है, कबड्डी हमें शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य बनाता है, क्योंकि इससे हमें अपने शारीरिक अंगो में स्फूर्ती बनाये रखने के साथ साथ ध्यान को एकाग्र करने की आवश्यकता होती है। ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारणी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने खिलाड़ियों के मनोबल बढाते हुए कहा कि कबड्डी से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। स्वास्थ्य के लिए यह खेल काफी प्रभावशाली है इससे सहयोग की भावना भी विकसित होती है, यह स्थानीय स्तर पर जीवन के लिए सबसे उपयोगी खेल है, कांग्रेस के महामंत्री गेंदु यादव ने कहा कि कबड्डी हमारे प्राचीन खेल है यह खेल हमें व्यक्ति को जोडना सीखती है, उन्होने सभी खिलाडियों को बधाई दी।





### 36 टीमों ने लिया भाग

इस दौरान ग्राम के तनवीर राजपुत एंव गजेन्द्र नेगी बताया कि ग्राम मैनपुरकला में राज्य स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 36 टीमों ने भाग लिया है प्रथम पुरस्कार 10 हजार रूपये एंव कप, द्वितीय पुस्कार 06 हजार रूपये एंव कप, तृतीय पुस्कार 3 हजार रूपये एंव कप, तथा चतुर्थ पुरस्कार 02 हजार रूपये एंव कप के साथ कई आकर्शक पुरस्कार रखे गये है, इस मौके पर प्रमुख रूप से कबड्डी प्रतियोगिता के अध्यक्ष एंव सरपंच कमला बाई नागेश, उपाध्यक्ष अमरसिंह नागेश, सुन्दरलाल कश्यप, बैजनाथ नेताम, तनवीर राजपुत, गजेन्द्र नेगी, रवि नागेश, अमर नागेश, सोनु यादव, कुदंन नेगी, हेमलाल नागेश, महेन्द्र नागेश,नरेद पटेल, टीकम यादव, शंकर नागेश, टिकेश्वरी नागेश, भुनेश्वरी कमलेश, मंशाराम नेताम, चैतन नेगी, महेन्द्र नागेश, हरलाल नागेश, धनेश नेगी, योगेन्द्र नागेश, बालमुकुंद, नेमन राजपुत, गगन, हरिराम, दिनेश ध्रुव, मयंक नेताम, डोमार नागेश, गंगाधर, रमन ध्रुव, भागवती ध्रुव, रत्ना नागेश, नितेश कुमार, कमल, पप्पु नागेश सहित बडी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

### बारिश पूर्व बड़े नालों की सफाई कराने में जुटा निगम, आधा दर्जन नालों की कराई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बारिश से पूर्व शहर के बड़े नालों की सफाई कराने में निगम अमला जुट गया है। गंदे पानी के सुगम निकास को ध्यान में रखते हुये निगम आयुक्त ने जोनवार नाला सफाई अभियान चलाया है। इसके अंतर्गत शनिवार को शहर के आधा दर्जन बड़े नालों की सफाई कराई गई। वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर के पास बड़े नाला की सफाई कराने 15 सफाई कामगार उतारे गये। उन्होंने नाला साफ कर 3 डंपर कचरा बाहर निकाला। राजधानी में बड़े नालों की सफाई करवाने 10 जोनों के स्वास्थ्य विभाग की टीमों को जिम्मेदारी दी गई है। जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 15 सफाई कामगारों की टीम भेजकर वीआईपी रोड में श्रीराम मन्दिर पास बड़े नाले की सफाई करवाई। इस दौरान नाले में जमा कचरा बाहर निकालकर गंदे पानी की निकासी को सुगम बनाने का कार्य किया गया। नाले की मेनुअल सफाई का स्थल निरीक्षण जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में किया।



#### इन इलाकों में भी नाला सफाई

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र के मौदहापारा इलाके के बड़े नाला की सफाई कराने शनिवार को निगम अमला जुटा। इसके साथ ही काठाडीह, राज टाकीज के समीप बड़ा नाला, कोयला बस्ती नाला, रेलवे पटरी नाला सहित राजातालाब क्षेत्र स्थित अरमान नाला की सफाई कराई गई।



### गोकुल नगर की महिलाओं ने मनाया रंगपंचमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

गोकुल नगर की महिलाओं ने रंगपंचमी के अवसर पर एक -दूसरे को रंग लगाकर रंगपंचमी पर्व की शुभकामनाएं दी। वहीं पर भगवान कृष्ण की भजन गाये। इस अवसर पर वार्ड के भाजपा नेत्री शाति कोसरे, शीला यादव, उर्मीला साहू, कौशिल्या नेताम, उत्तरा दीवान, अनीता सेन, नीशा साहू, संगीता, डाली, बेबी ध्रुव शामिल थी।

### कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में खड़गे सोनिया, राहुल प्रियंका, भूपेश और टीएस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। स्टार प्रचारकों की सूची में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, राज्य के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव, डॉ. चरणदास महंत, ताम्रध्वज साहू समेत 40 नेता शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ के ये स्टार प्रचारक 11 लोकसभा सीटों के लिए प्रदेश में कांग्रेस के प्रचार की कमान संभालेंगे। स्टार प्रचारकों की सूची जारी होने के बाद अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश का माहौल है। सूची में प्रदेश के दिग्गज नेताओं के साथ दूसरे राज्यों के कांग्रेस नेताओं के नाम भी शामिल हैं।



### शहादत दिवस में शामिल हुए

नवापारा-राजिम। गुरु बालकदास बाबा के शहादत दिवस पर वार्ड क्रमांक 9 के सतनाम गुरुद्वारा में भाजपा जिला मंत्री परदेशी राम साहू, मयाराम साहू, दयालु राम गाड़ा,किशन कोसरे, गोपी गिलहरे, देवराज जगने, संतोष गिलहरे, हरिशंकर, राज टण्डन शामिल हुए।

### सिकंदराबाद होली स्पेशल ने 13 घंटे कराया इंतजार, ट्रेन में पेंट्रीकार की नहीं मिली सुविधा, भूखे पेट किया सफर

रायपुर। ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों को इन दिनों बेहद परेशान कर दिया है। शुक्रवार सुबह आने वाली दरभंगा-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन 13 घंटे लेट से रात 10 बजे बिलासपुर स्टेशन पहुंची। यहां एक घंटे 32 मिनट तक प्लेटफार्म पर खड़ी रही। रात 11.42 बजे ट्रेन बिलासपुर से रवाना हुई और दो घंटे में रायपुर पहुंची। ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों का बुरा हाल रहा। रेलवे त्योहार पर होली स्पेशल ट्रेन चला रहा है। एक ट्रेन 07222 दरभंगा- सिकंदराबाद के बीच चलाई जा रही है। 2000 किलोमीटर लंबी इस यात्रा के बीच रेलवे ने 28 स्टॉपेज दिए हैं, लेकिन इनके बीच की दूरी अधिक होने और ट्रेन में पेंट्रीकार की सुविधा नहीं होने से सफर में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

# प्राथमिक शाला पाली में 5वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला पाली में पांचवी के विद्यार्थियों को शाला परिवार द्वारा विदाई दी गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि त्रिवेणी साहू सरपंच ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत ही महत्व है। आज के बच्चे ही आने वाले भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। बाबूलाल ध्रुव शिक्षाविद ने शिक्षा के गुर बताते हुए कहा कि बच्चों को विद्यालय आने से पहले और जाने के बाद जरूर अध्ययन करना चाहिए। प्रधान पाठक कमलेज बघेल ने कहा कि जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है। संस्कारवान बच्चों से समृद्ध राष्ट्र कर निर्माण होता है। वहीं विद्यार्थियों के रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति को देखकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा बच्चों को पेन उपहार स्वरूप दिया गया।बच्चे भी शाला परिवार को घड़ी उपहार मे भेट किया।इस अवसर पर त्रिवेणी साहू, प्रभा साहू, गणेश्वरी साहू, दुर्गेश्वरी बांदे, मंजू मानिकपुरी, ललित साहू, स्वाति साहू, बाबूलाल ध्रुव, शाला प्रबंध समिति के सदस्य व छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

पेज 9 के शेष...

### छात्रवृत्ति परीक्षा के...

किया जाता है। इस वर्ष भी 28 जिले में कुल 20467 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिए जिसमें से 2246 विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर चयन हुआ है। इसी प्रकार से गरियाबंद जिले में 936 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया। जिसमें 61 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, इसमें 42 विद्यार्थियों का जिला स्तर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग के आधार पर चयन हुआ है।

### गर्मी की दस्तक...

उड रहा है, लगातार बिजली विभाग में शिकायत कर रहे है लेकिन अब तक स्थाई समाधान नही हुआ है, वही इन दिनों बोर्ड के साथ स्कूल कॉलेजों में परीक्षा का दौर चल रहा है , बिजली कटौती के कारण छात्र छात्रओं को बेहद परेशानियों का सामना करना पड रहा है छात्र छात्रए लालटेन और चिमनी की रौशनी में पढाई करने मजबूर हो रहे है। बिजली विभाग मैनपुर के अधिकारी संजीव बंजारे ने बताया कि आंधी तुफान के कारण लगातार बिजली के लाईनों में फाल्ट आने के कारण परेशानी आ रही है लो वोल्टेज की समस्या जल्द दूर हो जायेगी।

### कलेक्टर ने निर्माणाधीन...

निर्माण कार्यो को शुरू कराये। छिंद तालाब, नया तालाब एवं रावनभाठा स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्यों में और तेजी लाएं। केशोडार मार्ग स्थित रीपा के अंतर्गत बनाए जा रहे दुकान निर्माण कार्यो का अवलोकन करते हुए कहा कि इन निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करें। इसके अलावा उन्होंने फुटकर व्यवसायी के लिए बनाए गये पौनी - पसारी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्यों में लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ नोटिस जारी करें। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा समयावधि मे पूर्ण कराने निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी संध्या वर्मा सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

### राम नाम की गंगा...

झुम रहें हैं साथ-साथ कोसरिया मरार पटेल समाज के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प माला गुलाल पीला चांवल बेच और प्रशस्ति पत्र श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस राम कथा के आयोजन के संचालक देवनारायण यदू, संतराम कंवर, सुखीराम साहू द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में तिलक राम पटेल, केजू राम पटेल, पीताम्बर पटेल, मेघनाथ पटेल, शेखचंद पटेल, हेमराज पटेल, परमेश्वर पटेल, हेमकुमार पटेल, निलकंठ पटेल, टिलेश पटेल, राजेश पटेल सहित समस्त ग्रामवासियों की सहयोग से यह कार्यक्रम सफल आयोजन हो रहा है। जहां ग्रामीणों द्वारा कौशिल्य भण्डारा का आयोजन किया गया जहां ग्रामीण व श्रृद्धालु जन भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। इस दौरान सोमनाथ पटेल, नारायण पटेल, फिरंगी पटेल, संतोष पटेल, नारायण पटेल, कुमारी बाई ध्रुव सरपंच, संदीप पाण्डे, विनोद पटेल बसंत पटेल, घनश्याम पटेल, रोशन पटेल, कृष्णा पटेल मुलचंद निर्मलकर उपस्थित थे।

# लोक कलाकार चमरू निषाद हुए लकवा ग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाण्डुका

ग्राम अतरमरा पाण्डुका जिला गरियाबंद निवासी पण्डवानी विधा के हास्य और सहयोगी संगीतकार चमरु निषाद लकवा से ग्रस्त हो चुके हैं जो राजिम मेला महोत्सव कार्यक्रम निपटाने के तुरंत बाद घर आने पर अचानक गिर जाने से उन्हें लकवा हो गया। जिसे परिजनों ने अपने खर्च से और आयुष्मान कार्ड से नवापारा राजिम के निजी अस्पताल में ईलाज करवाया। किंतु सम्पूर्ण स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो पाया है तथा उन्हें आगे उच्च उपचार की आवश्कता है। जिसके लिए घर की माली हालात ठीक नहीं होने से परिजनों को तंगी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि ऐसे समस्याओं से राहत दिलाने अर्थाभाव ग्रस्त और वयोवृद्ध पंजीकृत जरूरत मंद कलाकारों को शासन संस्कृति विभाग द्वारा आर्थिक अनुदान देने की योजना संचालित है।



### शासन-प्रशासन से अर्थिक मदद की गुहार

किंतु चमरु निषाद भी जिला कलेक्टर द्वारा विभाग को दो वर्ष पूर्व से आवेदन किया है और कई बार संस्कृति कार्यालय का चक्कर भी लगा चुके है फिर भी आज पर्यन्त कोई स्वीकृति नहीं मिली और उन्हें यह गंभीर समस्या दूबर ले दू आषाढ़ जैसे नौबत आन पड़ी है। उन्होंने पुनः शासन प्रशासन से आग्रह किया है कि उनके ईलाज के लिए आर्थिक मदद दें ताकि वह स्वस्थ होकर छत्तीसगढ़ के लोक कला संस्कृति के संरक्षण संवर्धन के कार्यों में पहले की तरह संलग्न रहे सके। बता दें इस संबंध में जानकारी मिलने पर लोक कलाकार संगठन जिला सिरजन के संस्थापक गौकरण मानिकपुरी ने उनके घर जाकर हाल चाल जाना और संस्कृत विभाग द्वारा मदद दिलाने पहल करने की बात कही। अंचल के इस समर्पित वयोवृद्ध पीड़ित कलाकार चमरु निषाद के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना जिला सिरजन के पदाधिकारीयों ने की है। जिसमें नूतन लाल साहू, सेवक ठाकुर, गंगा बाई मानिकपुरी, चैतू राम, तारक, यश कुमार साहू, खेम बाई निषाद, पूना बाई, रमेश कुमार बंसोड, बुधारू यादव, डोमन साहू, दौलत यादव, यशोमति सेन, गिरवर ध्रुव, तुलेश्वर घृतलहरे, पवन घृतलहरे, शंभू राम टोंडरे, गणेश डाहिरे, चुम्मन सिन्हा, समुन्दा सिन्हा, पूनम सिन्हा, नंदकुमार ध्रुव आदि है।

## खबर संक्षेप



### पूर्व मंत्री चंद्रशेखर ने नितिन नवीन से की मुलाकात

**नवापारा-राजिम।** रंग पंचमी के अवसर पर छत्तीसगढ़ भाजपा चुनाव प्रभारी बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन को पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में बताशे की माला पहनाकर उन्हें रंगपंचमी की बधाई दी। इस पर श्री नवीन ने उन्हें भी रंगपंचमी की शुभकामनाएं दी। श्री साहू ने बताया कि रंग पंचमी, जिसे रंगों के त्योहार के रूप में जाना जाता है, पूरे भारत में हिंदुओं द्वारा मनाया जाने वाला एक जीवंत उत्सव है, जो होली के 5 दिन बाद मनाया जाता है। रंगपंचमी को भारत के कई हिस्सों में होली के रूप में मनाया जाता है और लोग इसे बड़े उत्साह और उमंग के साथ रंगों व गुलाल से खेलते हैं। इस त्यौहार को असुर राजा हिरण्यकशिपु की बहन, होलिका द्वारा जलाए गए अलाव से प्रह्लाद की मुक्ति की घटना का प्रतीक भी माना जाता है।

### भक्त मां कर्मा की कहानी बड़े पर्दे पर



**राजिम।** भक्त माता कर्मा की कहानी अब बड़े पर्दे में दिखेगी। जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारायण साहू ,रामू साहू, घनश्याम साहू ,हेमंत साहू ने बताया कि भक्त माता कर्मा के जीवन पर आधारित हिंदी फिल्म मेरी मां कर्मा बनाई गई है। जो बड़े पर्दे पर दिखाई जाएगी। यह फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज होने जा रही है।

# भक्ति की प्रथम चरण की शुरुआत होती है माता-पिता की सेवा से : भूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर पंचायत के वार्ड दर्रीपार मे 28 मार्च से 31 मार्च तक वार्ड वासियों की सहयोग से तीन दिवसीय श्रीराम चरित मानसगान व्याख्यान सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्य अलग-अलग जिलों से मानस समितिय पहुंचकर भगवान श्रीराम की संगीतमय कथा वाचन कर मानस प्ेरमियों को भगवान राम के भक्ति का रसपान कराया है।समापन अवसर पर आठ मंडलियों ने संगीतमय प्रस्तुति दी है। इसी कड़ी मे जय किरण मानस मंडली पाली के व्याख्याकार भूषण कुंजे ने कहा कि भक्ति की शुरुआत माता- पिता के चरणों के साथ होती हैं। यदि भक्ति को प्राप्त करनी हो तो सबसे पहले अपने माता पिता का पूजन–अर्चन कर उनके आदशोंर् पर चले।यही काम श्रीराम चरित मानस में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र ने किया है। उनको जब अपने पिता राजा दशरथ के द्वारा चौदह वर्ष का वनवास मिला तो एक ही बार में ही सहर्ष स्वीकार करते हुए वन को चले गए।पूरे जीवन काल तक मर्यादा में रहकर धर्म का पालन किया। इसलिए मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए।श्रीराम अपने माता पिता को अपना आदर्श मानते हुए हमेशा उनके प्रति आस्था एवं विश्वास को बनाए रखा।भले ही शरीर से आत्मा चले जाए पर माता पिता का वचन माथे शिरोधार्य करना चाहिए।हमारे प्रथम गुरु होने के साथ परमात्मा के स्वरूप का प्रथम दर्शन होता है।घर को आज भी स्वर्ग बनाया जा सकता हैं।

### तीन दिवसीय राज्यस्तरीय संगीतमय श्रीरामचरित मानस गान का हुआ समापन





**इनका रहा योगदान-** पूरे आयोजन को सफल बनाने में रामाधीन साहू अध्यक्ष, सुकालू राम साहू उपाध्यक्ष, हुलास राम साहू कोषाध्यक्ष, वेदराम साहू, सचिव ठाकुर राम साहू सह सचिव एवं समस्त वार्ड वासियों का सराहनीय योगदान रहा।

#### इनकी रही प्रस्तुति

समापन दिवस में प्रस्तुति देने वाले मंडलियों में जय किरण मानस परिवार पाली फिंगेश्वर,स्तुति बालिका मानस परिवार अमोरी महासमुंद,मधुरिमा मानस परिवार बरोड़ा चौक महासमुन्द,श्रद्धा के फूल मानस परिवार मुनगा शेर, करपुरेश्वर मानस परिवार कोपरा, जय जग जननी महिला मानस परिवार बठेना धमतरी, शिवभक्त मानस परिवार सलिहा टोला राजनांदगांव, बरखा रानी मानस परिवार बागोडार कांकेर था। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नंदकुमार यादव ने किया। बाहर से पहुंचे सभी श्रद्धालु भक्त जनों के के लिए कौशिल्या भंडारे में विशाल भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी।

## कार्यक्रम : गणित विषय में 17 बच्चे निर्धारित दक्षता में मिले दक्ष

# प्राथमिक शाला भेंडरी में साक्षरता व संख्या ज्ञान का हुआ द्वितीय सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा खेलसिंह नायक के निर्देशानुसार शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी विकासखंड फिंगेश्वर में एफएलएन बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का द्वितीय सामाजिक अंकेक्षण हुआ। जिसमें कक्षा 1, 2, 3री के बच्चों का गणित, हिंदी विषय के प्राप्त रुब्रिक्स कक्षा पहिली हिंदी आयु उपयुक्त अज्ञात पाठ से कम से कम 4-5 सरल शब्द सहित छोटे- छोटे वाक्य पढ़ना एवं गणित में 99 तक की संख्याएं पढ़ना और लिखना। कक्षा 2री हिंदी आयु उपयुक्त अज्ञात पाठ से उचित गति और स्पष्टता के साथ सरल शब्दों के 8-10 वाक्यो को पढ़ना लगभग 45-60 शब्द प्रति मिनट गणित में 999 तक की संख्याएं पढ़ना और लिखना, 99 तक की संख्याओं को जोड़ना और घटाना। कक्षा 3री हिंदी आयु उपयुक्त अज्ञात पाठ से सही उच्चारण के साथ लगभग 60 शब्द प्रति मिनट की गति के साथ पढ़ पाना और 4 में से कम से कम 3 प्रश्नों के उत्तर दे पाना। गणित 9999 तक कि संख्याये पढ़ना और लिखना किसी तिथि और दिन को कैलेंडर में पहचान करना। घड़ी में समय देखना आना आदि गतिविधियों को तीनों कक्षाओं में अंकेक्षक मनोज कुमार मार्कण्डेय शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला कोपरा द्वारा सरपंच मोहनलाल साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ढाल सिंह ध्रुव, उपाध्यक्ष वेदलता गोस्वामी, पालक सेवती साहू, गोदावरी साहू ,पंचों बाई साहू के उपस्थिति में जांच किया गया। जिसमें कक्षा 1ली गणित में 12 से 11, हिंदी में 11 में से 10, कक्षा दूसरी हिंदी 11 में से 10, गणित 13 में 12, कक्षा तीसरी हिंदी 16 में 15, गणित 19 में 17 बच्चे निर्धारित दक्षता में दक्ष मिले।




**शिक्षकों द्वारा अच्छा कार्य करने के लिए सराहना की**

अंकेक्षक मनोज मार्कण्डेय एवं सरपंच मोहनलाल साहू द्वारा बच्चों के स्तर का जांच रुब्रिक्स के आधार पर किया गया। जांच के दौरान बच्चों द्वारा प्रश्नों का जवाब सरलता एव सहजता के साथ दिया गया। बच्चों के अच्छे स्तर के लिए सभी शिक्षकों द्वारा अच्छा कार्य करने के लिए सराहना किया गया। सामाजिक अंकेक्षण बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी, शिक्षकगण लालजी सिन्हा, टीकूराम ध्रुव, रेखराम निषाद, प्रदीप कुमार साहू पालकगण ,मोहनलाल साहू सरपंच, ढाल सिंह ध्रुव, वेदलता गोस्वामी, सेवती साहू, गोदावरी साहू, पंचों बाई साहू आदि उपस्थित रहे।



# पीएम मोदी ने मुझे प्रतिनिधि बनाकर आपके बीच भेजा है : रूप कुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

महासमुंद लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूमकुमारी चौधरी ने शनिवार को एक दिवसीय प्रवास में गरियाबंद दौरे पर रही। इस दौरान उन्होंने गरियाबंद विकासखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने ग्राम परसुली, मदनपुर, नहरगांव, कोकड़ी, बेंदकुरा, मरौदा, पारागांव, कोचवाय और ग्राम हरदी में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान जगह जगह भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत भी किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे अपना प्रतिनिधि बनकर आप लोगों के बीच भेजा है। मोदी जी के विकसित भारत की कल्पना को साकार करने महासमुंद लोकसभा में भी कमल खिलाने की जरूरत है। उन्होंने भारत के समृद्धशाली भविष्य के लिए केवल भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही एक मात्र विकल्प बताया। जनसंपर्क के दौरान उनके साथ सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला अध्यक्ष राजेश साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकार, नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन, जनपद अध्यक्ष श्रीमती तोकेश्वरी मांझी, श्रीमति लालिमा ठाकुर, जिप सदस्य फिरतुराम कंवर, गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके भी उनके साथ मौजुद थे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पारस ठाकुर, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, अजय रोहरा, जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी, आई टी सेल जिला संयोजक सागर मयाणी, कुलदीप खरे, मंडल महामंत्री धनंजय नेताम, पारस देवांगन, धनराज विश्वकर्मा, युवा मोर्चा से प्रतीक तिवारी, थानसिह निषाद, प्रतीक सिंह, संजू साहू, नारायण सिन्हा, सुजल कोठारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### चंद्रशेखर को महासमुंद लोकसभा चुनाव समन्वयक बनाया गया

**नवापारा-राजिम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू को



चुनाव समन्वयक बनाया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा है कि श्री साहू जैसे अनुभवी और दिग्गज राजनेता व चुनावी रणनीतिकार को चुनाव समन्वयक बनाए जाने से महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में निश्चित तौर पर कमल खिलेगा। बताना जरूरी है कि श्री साहू पूर्व में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से सांसद रह चुके हैं और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं व मतदाताओं में उनका अच्छा खासा प्रभाव है । इसके अलावा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में साहू समाज के मतदाताओं की भी अच्छी संख्या है। प्रदेश साहू संघ में श्री साहू का बड़ा सम्मान है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि भाजपा की प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के विरुद्ध कांग्रेस ने पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को मैदान में उतारा है। अतएव भाजपा की जीत सुनिश्चित करने श्री साहू को चुनाव समन्वयक बनाया है।

### भाजपा गरीब, किसान व युवाओं के हित में करती है कार्य : योगेश

**मैनपुर।** भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो गांव गरीब किसान, मजदूर, युवा, महिलाओं किसानों एवं बेरोजगारों की चिंता करती है, तथा भाजपा की



नीतियां समाज के हर वर्ग को लेकर चलने का है, उक्त बाते भाजपा गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही। श्री शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के पथ पर बढ़ रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबको साथ लेकर चलने की निति के कारण आज भारत की राष्ट्रपति एक आदिवासी महिला है यह भाजपा में ही संभव है, श्री शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति से प्रभावित होकर मतदाता अब उन्हें फिर एक बार भाजपा को प्रचंड बहुमत जिताकर प्रधानमंत्री बनाने जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय को भाजपा ने छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाया है वे छत्तीसगढ़ के लोगों के हित में दिन-रात काम कर रहे हैं।

### तेतलखुंटी में भागवत कथा 9 अप्रैल से

**मैनपुर।** हिंदू नव वर्ष चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम के तेतलखूंटी में साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ श्रीमद् भागवत का आयोजन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के



सुप्रसिद्ध भागवताचार्य एवं जसगीत सम्राट पंडित युवराज पांडेय के मुखारविंद से क्षेत्र के लोगों को कथा सुनने का शुभ अवसर प्राप्त होगा। इस महान यज्ञ के आयोजन समस्त तेतलखूंटी ग्रामवासियों द्वारा आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य यजमान तपेश्वर ठाकुर एवं उनकी धर्मपत्नी जनपद उपाध्यक्ष नंदकुमारी ठाकुर के द्वारा रखा गया है। कथा का आरंभ 9 अप्रैल से प्रारंभ होगा जो 17 अप्रैल तक चलेगा।

## मानस गान : जटायु कथा प्रसंग ने सबको भावविभोर कर दिया

# मनुष्य को जीवन में सफलता के लिए अहंकार का त्याग कर समर्पण का भाव रखना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

अंचल में चल रहे संगीत मय मानस गान एवं व्याख्यान कार्यक्रम में सेंदर मंच पर जटायु सम्पाति प्रसंग कथा पर व्याख्याकार कुमारी दामनी साहू अम्बागढ़ चौकी ने कहा कि प्रजापति कश्यप की पत्नी विनता के दो पुत्र हुए गरूड़ और अरुण। गरूड़जी विष्णु की शरण में चले गए और अरुणजी सूर्य के सारथी हुए। सम्पाती और जटायु इन्हीं अरुण के पुत्र थे। व्याख्याकार ने संपाती के बारे में पौराणिक कथा आगे बढ़ाते कहा जटायु तो सीता को रावण से बचाने के चक्कर में शहीद हो गया तो सम्पाती ने समुद्र के पार देखकर वानरों को बताया था कि सीता माता रावण की अशोक वाटिका में बैठी है। संपाती कई किलोमीटर तक स्पष्ट देख लेने की दिव्य क्षमता रखते थे। संपाती और जटायु दोनों विंध्याचल पर्वत की तलहटी में रहने वाले निशाकर ऋषि की सेवा करते थे और संपूर्ण दंडकारण्य क्षेत्र विचरण करते रहते थे। बचपन में सम्पाती और जटायु ने सूर्य-मंडल को स्पर्श करने के उद्देश्य से लंबी उड़ान भरी। सूर्य के असह्य तेज से व्याकुल होकर जटायु जलने लगे तब सम्पाति ने उन्हें अपने पंख ने नीचे सुरक्षित कर लिया, लेकिन सूर्य के निकट पहुंचने पर सूर्य के ताप से सम्पाती के पंख जल गए और वे समुद्र तट पर गिरकर चेतनाशून्य हो गए। चन्द्रमा नामक मुनि ने उन पर दया करके उनका उपचार किया और त्रेता में श्री सीताजी की खोज करने वाले वानरों के दर्शन से पुनः उनके पंख के सही होने का आशीर्वाद दिया। इस प्रसंग से शिक्षा मिलती है कि पहले अंहकार का त्याग दूसरा समर्पण का भाव , जटायु को अपने युवा अवस्था का अंहकार था। जिसके कारण वह और उनके बड़े भाई साम्पाति सुर्य भगवान के पास जाने का प्रयत्न करते हैं। जिससे साम्पाति का पंख जल कर टुट गये और जटायु मुर्छित होकर धरती पर जा गिरे। दुसरी बात यह कि जटायु अपना बृद्धा अवस्था काबाहना देकर रावण को जाने दे सकते थे। परन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया और अंतिम सांस तक पराक्रम करता रहा।



### रामचरित को जीवन में करें चरितार्थ

मानस मंच मुख्यातिथि राजमहल फिगेंश्वर राजा निलेन्द्र बहादुर सिंह अध्यक्षता प्रखर वक्ता बिसौहा हरित, विशिष्ट अतिथि एल्डरमेन डोंगर मरकाम, आयोजन संचालक रामाधार साहू, पुर्व जनपद सदस्य महेश कूंजाम,उमेश ध्रव, तुलस वर्मा मंच संचालक आकाश साहू थे। प्रखर वक्ता बिसौहा हरित फिगेंश्वर ने अंचल में हो रामायण कार्यक्रम पर कहा रामचरितमानसगान अखण्डपाठ लाभदायक तो हैं किन्तु उसका वास्तविक उपयोग तब है जब मनुष्य उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयत्न भी करें। केवल पाठ कर जाना उतना आवश्यक नहीं जितना उसे पढ़ना, पढ़कर उस पर चिन्तन करना और उसकी व्यावहारिक बातों पर आचरण करना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से मानस मंडली ने सेंदर चरभट्ठी में प्रस्तुति दी।



### राम ने माता शबरी के खाए जूठे बेर

वहीं ग्राम चरभट्ठी मानस मंच में सबरी माता प्रसंग पर राम द्वारा भीलनी शबरी के जूठे बेर खाना विशेष महत्व की घटना है। सामाजिक रूढ़ियों और प्रचलित अन्ध मान्यताओं के प्रति जनसाधारण से भगवान कृष्ण को तो आन्दोलनकारी मानते हैं लेकिन राम को मर्यादाओं से युक्त पुरुषोत्तम मानकर ही लोग सन्तुष्ट हो जाते हैं। वास्तव मे देखा जाए तो राम कृष्ण की तुलना में अधिक क्रान्तिकारी और प्रगतिशील थे । वर्ग विहीन समाज की स्थापना में उन्होंने कृष्ण भगवान से भी अधिक साहसपूर्ण कदम उठाये हैं। अपने प्रति सच्चा अनुराग रखने वाली बूढ़ी भीलनी शबरी के आश्रम में जाकर उसके जूठे बेर खाना तथा अपनी विचारधारा से अवगत कराना राम का उपेक्षित वर्ग के प्रति ठोस स्नेह था और पुरानी रूढ़ियों पर करारी चोट थी।

## नशा मुक्ति को लेकर चलाया गया अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्रा में गायत्री प्रज्ञा मंडल कामराज द्वारा नशा मुक्ति का अभियान को लेकर बच्चों के बीच आत्माराम ठाकुर ने बताया कि बच्चों और युवाओं पर नशे का ग़लत असर पड़ता है, छोटी उम्र में ही नशा करने से शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास तक रूक जाता है। स्कूलों में ऐसा कई बार देखा गया है, इस वजह से छात्र पढ़ाई पर ध्यान नहीं लगा पाते और अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। इस गंभीर मुद्दे पर गायत्री प्रज्ञा मंडल कामराज ने नशा मुक्ति अभियान चलाने का कदम उठाया है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य है कि आज के युवा पीढ़ी नौजवानो मे जो नशा का लत काफी तेजी से बढ़ रहा है। जिससे समाज में आएं दिन बात विवाद एवं घटना हो रही है। उसी को रोकने को लेकर गायत्री प्रज्ञा मंडल ने नशा मुक्ति अभियान का आगाज किया गया है। समाज के लोगों को चाहिए कि नशा से बिल्कुल मुफ्त हो जाए आए दिन रोड एक्सीडेंट एवं अन्य तरह की घटनाएं नशे की हालत में देखने को मिला रहा है। इस मौके पर माध्यमिक शाला के प्राधनपाठक मनीराम साहू, शिक्षक हरीश कुमार साहू, पूर्णिमा धुरंधर, रेणु नांदल सहित सभी छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।

## शिक्षकों ने युवाओं को मतदाता जागरूकता अभियान से जोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकरी मे स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण अभनपुर एवं निःशुल्क शैन्य प्रशिक्षण अभनपुर के शिक्षकों द्वारा सेना व पुलिस की तैयारी कर रहे सैंकड़ो युवाओं को मतदाता जागरूकता अभियान से जोडक़र उल्लास नव भारत साक्षरता अभियान के बारे मे बताया गया।

विकासखंड नोडल अधिकारी एवं ऐक्टिव पीएलसी लीडर हेमन्त कुमार साहू ने बताया कि जिला निर्वाचन के निर्देशानुसार उल्लास अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगो को मतदान करने जागरूक किया जा रहा है इसके लिए सभी अपने-अपने स्तर पर जागरूकता अभियान मे हिस्सा ले रहे है ऐक्टिव पीएलसी अभनपुर द्वारा 1अप्रैल से ऑनलाइन मतदाता जागरूकता क्विज, मतदाता मेहंदी प्रतियोगिता एवं मतदाता शपथ कार्यक्रम की शुरुआत किया जाएगा जिसमे अधिक से अधिक मतदाताओं को भाग लेने की अपील की गई है। संकरी स्कूल मैदान मे आयोजित कार्यक्रम मे जागरूकता अभियान में सभी युवा मतदाताओं ने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओ की मर्यादा बनाये रखने की शपथ ली। इस अवसर पर निःशुल्क शैन्य प्रशिक्षण अकादमी के प्रशिक्षक योगेश कुमार साहू ,शिक्षक प्रशांत कुमार साहू सहित शिक्षक एवं सैंकड़ो युवा उपस्थित रहे।



## बेलसोंडा में अखंड रामायण समिति की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

अखंड भारत के नवनिर्माण एवं सनातन धर्म के संरक्षण संवर्धन व प्रचार प्रसार एवं बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के महान उद्देश्य को लेकर धर्मार्थ ग्राम बेलसोंडा में पांच दिवसीय अखंड रामायण आयोजन के विषय चर्चा करने के लिए ग्राम खरोरा, साराडीह, मुढ़ेना, नांदगांव, घोड़ारी तथा बेलसोंडा के रामायण समिति प्रमुखों के बीच आपसी सामंजस्य एवं समन्वयन के साथ संचालन तथा आयोजन के लिए विवेकानंद भवन बेलसोंडा में सरपंच प्रतिनिधि एवं संरक्षक अखंड रामायण समिति पोखन लाल चंद्राकर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में लिए गए निर्णयानुसार 17 अप्रैल से 22 अप्रैल 2024 तक अखंड रामायण स्थल रामसत्ता चौक टेढ़ी पारा में अखंड रामायण का आयोजन सरपंच ग्राम पंचायत बेलसोंडा एवं समस्त ग्रामीणों के विशेष सहयोग से किया जाएगा।

## धीवर समाज ने मुझे नेता नहीं बल्कि बेटा माना : रोहित साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

छत्तीसगढ़ धीवर समाज राजिम परगना के वार्षिक आमसभा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक रोहित साहू ने कहा कि धीवर समाज से मेरा पुराना नाता है इस समाज ने मुझे नेता नहीं, बल्कि बेटा माना है। अतएव इस समाज का कर्ज कभी भुला नहीं सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश धीवर समाज के अध्यक्ष सुरेश धीवर ने कहा कि धीवर समाज जाति जनगणना के हिसाब से छत्तीसगढ़ में तीसरा नंबर पर है। इस हिसाब से हमें अपना अधिकार नही मिला। अधिकार के लिए हमें एकजुट होकर लड़ना होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर ,मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा,नपा उपाध्यक्ष रेखा-कुलेश्वर साहू,जिला भाजपा के उपाध्यक्ष महेश यादव,वार्ड पार्षद पूर्णिमा चंद्राकर सहित शरद पारकर ,पुरन यादव ,सोमनाथ पटेल ,परगना अध्यक्ष रामु तारक, तुकाराम तारक, झाड़ू तारक, प्रकाश धीवर, घुरऊ राम, दौवा धीवर, सुदर्शन धीवर ,शत्रुघ्न धीवर, चेमन धीवर, मेवाराम धीवर, विश्राम, खेलन तारक, अरुण हिरवानी, राजेश धीवर, इशु धीवर, वीरेंद्र धीवर, भेमन तारक, मेघराज तारक, बाल्मीकी ,दुर्गा तारक, भगवत धीवर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव तुकाराम धीवर ने किया। प्रारंभ में विधायक रोहित साहू का धीवर समाज के लोगो ने फुल माला पहनाकर गुलाल लगाकर आत्मीय स्वागत किया।

### ओपीडी पर्ची पर मुहर लगाकर मतदान करने किया जागरूक

**गरियाबंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के बाद प्रशासनिक तंत्र द्वारा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिले में भी आमजनों से विभिन्न प्रकार के पहल करके मतदान के लिए अपील की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों की ओपीडी पर्ची में अलग से मुहर लगाकर मतदान के लिए जागरुक करने की नई पहल की जा रही है। "हमन सब परिवार करे हन इरादा, 26 अप्रैल को मतदान करे के वादा" की स्लोगन की मुहर लगी ओपीडी पर्ची में मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरुक करते हुए। महासमुंद लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान की तारीख 26 अप्रैल भी अंकित किया गया है।



### महिला ब्राम्हण समाज ने मनाई रंग पंचमी

**नवापारा-राजिम।** विप्र कुल महिला मंडल द्वारा होली महोत्सव रंग पंचमी का पर्व बहुत ही उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। महिला ब्राम्हण समाज की अध्यक्ष सुभाषिनी शर्मा ने बताया कि होली का महत्व मित्रता व भाईचारे का प्रतीक है। इन्ही भावनाओं को लेकर विप्र कुल की महिलाओं ने रंग पंचमी का पर्व मनाते हुए एक दूसरे को गुलाल से टीका लगाया। इस अवसर पर समाज की महिलाएं अपने विचार रखे। इस आयोजन में रेखा तिवारी, सर्व ब्राह्मण महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष तनु मिश्रा, नवापारा अध्यक्ष सुभाषिनी शर्मा, रूचि, नीरजा, पूनम, रेणुका, पुष्पांजलि सहित समाज की महिलाएं मौजूद थी।

## बैठक में भोग भंडारा के आय-व्यय की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

रविवार को साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की बैठक साहू छात्रावास में रखी गई थी जिसमें राजिम कुंभ मेला माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि 14 दिनों तक विशाल भंडारा का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू के मार्गदर्शन में किया गया। राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा की आय-व्यय की जानकारी समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने पढ़कर सुनाया एवं जानकारी दी। भोग भंडारा में साहू समाज के साथ-साथ सर्व समाज का सहयोग रहा। भोग भंडारा में दान पत्र से प्राप्त नगद राशि 373439 रुपया तथा ऑनलाइन माध्यम से 195000 कुल योग 568439 रुपये। आयोजन में कुल व्यय 592980 रुपये हुआ। श्री साहू ने बताया कि 24541 रुपए अधिक व्यय हुआ जिसकी पूर्ति साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा किया गया। बैठक कार्यवाही की प्रमाणित प्रति समिति के व्हाट्सएप ग्रुप में प्रेषित किया गया। इस दौरान बैठक में प्रमुख रूप से समिति के मार्गदर्शक घनश्याम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष होरीलाल साहू, कोषाध्यक्ष भोले साहू, महासचिव लोकनाथ साहू, सोहन साहू, श्याम साहू, महामंत्री रामकुमार साहू, डॉ ओंकार साहू, संगठन मंत्री तरुण साहू, मीडिया प्रभारी पूरनलाल साहू, किशन साहू, मन्नू साहू, गिरिराज साहू उपस्थित थे। राजिम कुंभ मेला में आयोजित राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा में आय व्यय की जानकारी पूर्ण पारदर्शिता के साथ प्रस्तुत की गई। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।





### विधायक ने साप्ताहिक बाजार का किया भ्रमण

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा के साप्ताहिक बाजार हाट में राजिम विधायक रोहित साहू अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ बाजार का भ्रमण किया। जिसमें उन्होंने खरीददारी के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी को विजय दिलाने की अपील की और प्रधानमंत्री मोदी के सभी योजनाओं को बताकर उन्हें लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। जिसमें चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य, राजू साहू, मनीष हरित, मंडल अध्यक्ष संदीप पांडे, पंकज निर्मलकर युवा भाजपा नेता, सोमन यदु, रमन नामदेव, हरि साहू, मुकेश साहू, भगत सिन्हा, गिरवर सिन्हा उपस्थित थे।







